कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-12.01.2025

विषयः- चोरी के मुकदमे में वांछित 01 नफ़र अभियुक्त फिरोज अंसारी थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गया 01 अदद मोबाईल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-258/2024 धारा 331(4),305 बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त फिरोज अंसारी पुत्र अख्तर अंसारी निवासी टडिया कोटवा थाना लोहता कमि0 वाराणसी को दिनांक-11.01.2025 को समय करीब 21.41 बजे मस्तान बाबा मजार के पास खाली मैदान से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 01 अदद मोबाइल बरामद हुआ। उक्त के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-17.12.2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक-16/17.12.2024 को रात में विपक्षीगण द्वारा प्रार्थी के घर में कमरे के अन्दर घुसकर दो मोबाइल और पैन्ट से करीब 16000/- रुपये नगद चुरा लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0-258/2024 धारा 331(4),305 बी0एन0एस0पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 जय प्रकाश दुबे द्वारा संपादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त फिरोज अंसारी ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मोबाइल चोरी का है जिसको मैंने भरथरा गाँव से एक घर से चोरी किया था, मैं चोरी के मोबाइल को आज बेचने के लिए किसी का इंतजार कर रहा था क्योंकि मुझे रुपयों की आवश्यकता थी तभी आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। मेरे साथ मेरा एक दोस्त भी चोरी में शामिल था। हम लोगों ने 02 मोबाईल व कुछ रुपये चोरी किये थे जिसमें से एक मोबाईल व आधे रुपये मैंने तथा एक मोबाईल व चोरी के आधे पैसे मेरे दोस्त ने लिये थे। मैंने उन रुपयों को अपने शान-शौक में खर्च कर दिये हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

फिरोज अंसारी पुत्र अख्तर अंसारी निवासी टडिया कोटवा थाना लोहता कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ़्तारी का स्थान, दिनांक व समय- मस्तान बाबा मजार के पास खाली मैदान से, दिनांक-11.01.2025 को समय करीब 21.41 बजे।

बरामदगी का विवरण-मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 01 अदद मोबाइल फोन वीवो रंग काला बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-258/2024 धारा 331(4),305,317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी।

गिरफ़्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 जय प्रकाश दुबे थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अनुज कुमार थाना लोहता वाराणसी।
4. हे0का0 सत्यप्रकाश सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 मोहन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।